शुक्रवार, 21 जनवरी, 2011 | 01:37 | IST

RSS | इसे अपना होमपेज बनाएं

Live हिन्दुस्तान.com BETA

Site Google
खोज
एडवांस सर्च

होम देश राज्य विदेश क्रिकेट अन्य खेल बिजनेस मनोरंजन जीवन शैली गैलरी तैयारी विमर्श ब्लॉग्स एजुकेशन ई-पेपर

ब्रेकिंग न्यूज जापान से आगे निकली चीन की अर्थव्यवस्था शीर्ष क्रम की असफलता से चिंतित नहीं हैं धोनी फांसी

दिल्ली से 210 किमी दूर आगरा पहुंचना होगा आसान

गौरव त्यागी, नोएडा

First Published: 18-01-11 11:11 PM
Last Updated: 18-01-11 11:12 PM

ई-मेल प्रिंट **टिप्पणियॉ:** पढे अ+ अ-
लिखे (0)

162 दिन बाद लालकिले से ताजमहल का दीदार केवल तीन घंटे में हो जाएगा। नोएडा से आगरा के बीच तूफानी सफर की शुरुआत तीस जून से होगी। यमुना एक्सप्रेस-वे का काम अस्सी फीसदी पूरा हो चुका है। प्रदेश सरकार ने बरसात से पहले एक्सप्रेस-वे खोलने का फैसला लिया है। एक्सप्रेस-वे से आगरा के साथ-साथ फामरूला वन रेसिंग ट्रैक और जेवर एयरपोर्ट के लिए कनेक्टिविटी मिलेगी। फामरूला वन रेसिंग इसी साल से शुरू होनी है।
एक्सप्रेस-वे शुरू होने से नोएडा से आगरा तक विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

कॉरिडोर के दोनों तरफ लाखों करोड़ के निवेश प्रस्तावित हैं। इसमें आवासीय योजनाओं के साथ-साथ एविएशन हब, इंडस्ट्री, मनोरंजन गतिविधियां शामिल हैं। गौतमबुद्धनगर में 23 अंडरपास और सात पुलों का निर्माण भी एक्सप्रेस-वे के निर्माण से जुड़ा है। आगरा और अलीगढ़ में हुए किसान आंदोलन के चलते यमुना एक्सप्रेस-वे निर्माण की गति धीमी हुई थी। यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी के सीईओ मोहिन्दर सिंह बताते हैं कि किसान नई अधिग्रहण नीतियों पर सहमत हैं। अब यमुना एक्सप्रेस-वे के निर्माण में कोई देरी नहीं होगी। निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। तीस जून तक डेडलाइन तय की गई है और तय समय पर ही एक्सप्रेस-वे को खोला जाएगा।

दिल्ली से आगरा की दूरी करीब 210 किलोमीटर है। वर्तमान में यह दूरी पांच से छह घंटे में पूरी होती है। एक्सप्रेस-वे शुरू होने के बाद पूरा सफर आसान हो जाएगा। गाड़ियां छह लेन एक्सप्रेस-वे पर फर्राटा भरेंगी। इस तूफानी सफर से ताज का दीदार आसान हो जाएगा। 160 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे दिल्ली-आगरा के बीच की दूरी घटा देगा। मात्र नब्बे मिनट में एक्सप्रेस-वे का सफर पूरा हो जाएगा। यह छह लेन का एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा पर आधारित है। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य अस्सी फीसदी से ज्यादा पूरा हो चुका है।

नार्थ इंडिया का बड़ा मनोरंजन कॉरिडोर
एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ मनोरंजन कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। सीईओ तथा चेयरमैन मोहिन्दर सिंह ने बताया कि यमुना के आसपास मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्लान है। एक्सप्रेस-वे तथा यमुना के बीच में मनोरंजन गतिविधियों के लिए अलॉटमेंट किए जाएंगे।

प्रस्तावित गति
एक्सप्रेस-वे पर गाड़ियों की प्रस्तावित गति 120 किलोमीटर प्रतिघंटा रखी गई है। डेवलपर्स के साथ हुए एग्रीमेंट के अनुसार एक्सप्रेस-वे पर 36 साल तक टोल टैक्स लगाया जाएगा।

ताज एविएशन हब
एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ 2500 हेक्टेयर जमीन में ताज इंटरनेशनल एयरपोर्ट और कार्गो टर्मिनल प्रस्तावित है। यह प्रस्ताव स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है।

रोड लिंक
एक्सप्रेस-वे एनएच 2 और एनएच 91 के बीच में चलेगा। यमुना के साथ-साथ यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी ने तमाम लिंक प्रस्तावित किए हैं। एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ जेवर तक रेल लिंक और मेट्रो को भी जेवर तक बढ़ाने का प्रस्ताव है।

इंफ्रास्ट्रक्चर
यमुना एक्सप्रेस-वे टाउनशिप में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर होगा। वाटर सप्लाई, सीवर, वाटर हार्वेस्टिंग, फायर फाइटिंग, पावर, टेलीकम्यूनिकेशन और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाएगा।

बनेगी टाउनशिप
यमुना एक्सप्रेस-वे के सहारे नई-नई टाउनशिप विकसित की जाएगी। इसके लिए सर्वे का काम चल रहा है। एक्सप्रेस-वे के बाईं ओर टाउनशिप होगी तो यमुना की तरफ मनोरंजक गतिविधियों को बढ़ाया दिया जाएगा। इसके लिए प्लान तैयार हो गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में यहां बड़ा काम होगा। यमुना एक्सप्रेस-वे के पास रेजीडेंसियल, इंडस्ट्रीयल, इंस्टीट्यूशनल और मनोरंजक गतिविधियों के लिए जगह रिजर्व रखी गई है।

ई-मेल प्रिंट **टिप्पणियॉ:** पढे अ+ अ- SHARE स्टोरी का मूल्यांकन
लिखे (0)

अन्य खबरें

- आदर्श घोटाला में एफआईआर अगले हफ्ते: सीबीआई
- येदियुरप्पा पर मुक्दमा चलाने का फैसला दो दिन में: राज्यपाल
- आजाद हिन्द फौज का आधार स्तम्भ थे रास बिहारी बोस
- मनमोहन को भरोसा, मार्च तक काबू में आएंगी कीमतें
- मंत्रिपरिषद से कोई बाहर नहीं, तीन नये चेहरे, तीन पदोन्नत
- बिना मोबाइल नंबर बदले आज से बदलिए सर्विस प्रोवाइडर
- नौवीं और दसवीं की समेटिव जांच परीक्षा मार्च में
- बिहार, छत्तीसगढ़ को फिर नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिपरिषद में जगह

अन्य खबरें

होम | देश | विदेश | क्रिकेट | अन्य खेल | बिजनेस | मनोरंजन | जीवन शैली | गैलरी | तैयारी | विमर्श

Copyright © 2011 Hindustan Media Ventures Limited. All Rights Reserved.

विज्ञापन रेट | हमारे साथ काम करें | हमारे बारे में | संपर्क करें | गोपनीयता | अस्वीकरण | साइट जानकारी